**अंक योजना**

**प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (2026-27)**

**विषय- हिंदी 'ब' (कोड 085)**

**कक्षा – दसवीं**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक – 80**

**सामान्य निर्देश :**

- अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है |
- वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तरों का मूल्यांकन निर्दिष्ट अंक योजना के आधार पर ही किया जाए |
- अंक योजना में दिए गए वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर बिंदु अंतिम नहीं हैं | ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं |
- यदि परीक्षार्थी इन उत्तर बिन्दुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दें तो उसे उपयुक्त अंक दिए जाएँ |
- मूल्यांकन कार्य निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए।

| **प्रश्न** | **उत्तर संकेत** | **अंक और अंक विभाजन** |
|---|---|---|
| | **खंड – क**<br>**(अपठित बोध)** | 14 |
| 1. | गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के अपेक्षित उत्तर: | 7 |
| I | (A) कला का लोगों से सीधा संपर्क होना<br>(इस कला को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ती है।) | 1 |
| II | (C) कथन (i), (iii) और (iv) सही हैं।<br>(इस लोक कला के माध्यम से समाज की समस्याओं को उभारने, लोगों को जागरूक बनाना और साक्षरता तथा प्रौढ़ शिक्षा के लिए किया जाता है।) | 1 |
| III | C. कथन एवं कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।<br>(कठपुतली के नाच को देखने के लिए आज भी दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ती है।) | 1 |
| IV | • कठपुतली नृत्य का प्रदर्शन अब गाँव की चौपालों पर नहीं, बल्कि संग्रहालयों, कला मेलों और पाँच सितारा होटलों में भी होने लगा है। | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | • आजकल साक्षरता, प्रौढ़ शिक्षा जैसे विषयों को भी कठपुतलियों के ज़रिए रोचक ढंग से पेश किया जाता है। | |
| V | • कठपुतली कला सरल भाषा और दृश्य प्रस्तुति के माध्यम से समाज की जटिल समस्याओं को सहज रूप में प्रस्तुत करती है।<br>• पात्रों और कथानक के माध्यम से दर्शकों की भावनाएँ जुड़ती हैं, जिससे जागरूकता बढ़ती है।<br>• यह कला सीधे आम लोगों से संवाद करती है, जिससे संदेश जल्दी समझ में आता है और प्रभाव गहरा पड़ता है।<br>( केवल दो बिंदु अपेक्षित ) | 2 |
| 2 | गदयांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के अपेक्षित उत्तर: | 7 |
| I | (C) सुंदर एवं सुरुचिपूर्ण<br>(टेराकोटा के सुन्दर रंगबिरंगे गमले नफ़ीस बगीचों में रखे जा सकते हैं।) | 1 |
| II | (B) इसमें मिट्टी को दूषित करने वाला रसायन नहीं होता।<br>(माना जाता है कि कंपोस्ट सबसे बेहतर खाद है जिसमें मिट्टी को दूषित करने वाला रसायन नहीं होता।) | 1 |
| III | (D) कथन और कारण दोनों सही हैं पर कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(हर घर में जैविक कचरे की मात्रा से उसके कम्पोस्ट में बदलने का कोई सीधा संबंध नहीं है।) | 1 |
| IV | • जैविक कचरा कंपोस्ट खाद में बदल जाता है।<br>• जिसमें मिट्टी को दूषित करने वाला रसायन नहीं होता।<br>• पृथ्वी / पर्यावरण को दूषित होने से बचाता है। | 2 |
| V | • रसोई का जैविक कचरा लैंडफिल में जाने से बचता है, जिससे प्रदूषण कम होता है।<br>• कचरा स्रोत पर ही उपयोग होने से कचरा प्रबंधन आसान बनता है।<br>• यह आदत लोगों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता बढ़ाती है।<br>( केवल दो बिंदु अपेक्षित ) | 2 |
| | **खंड ख**<br>**(व्यवहारिक व्याकरण)** | 16 |
| 3 | पदबंध पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित-: | 4X1= 4 |
| I | क्रिया पदबंध | 1 |
| II | तत्कालीन भद्र समाज  तताँरा | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| III | समुद्री बालू पर बैठकर वह | 1 |
| IV | संज्ञा पदबंध | 1 |
| V | धीरे-धीरे मद्धम गति से | 1 |
| 4 | 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 4 x 1 = 4 |
| I | गिन्नी के सोने में थोड़ा-सा ताँबा मिला है इसलिए वह ज्यादा चमकता है। | 1 |
| II | काम करने वाले लोगों को इंस्पेक्टर द्वारा सूचना दे दी गई थी। | 1 |
| III | यह हमारी फिल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी है कि उनमें लोक-तत्त्व का अभाव होता है। | 1 |
| IV | संयुक्त वाक्य | 1 |
| V | मिश्र वाक्य | 1 |
| 5 | 'समास' पर आधारित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित: | 4 x 1= 4 |
| I | अन्न और जल- द्वंद्व समास | 1 |
| II | जनसेवक- तत्पुरुष समास | 1 |
| III | मरण तक - अव्ययीभाव समास | 1 |
| IV | पूर्व पद – सूक्ति<br>उत्तर पद – बाण<br>भेद - कर्मधारय समास | 1 |
| V | पीला है अंबर जिसका अर्थात विष्णु – बहुव्रीहि समास<br>पीला है जो अंबर – कर्मधारय समास<br>(किसी भी एक उत्तर को स्वीकार किया जाए।) | 1 |
| 6 | 'मुहावरे' पर आधारित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 4 × 1 = 4 |
| I | मुहावरा - टोपी उछालना | 1 |
| II | पूर्ण शांति होना अर्थ स्पष्ट करते हुए मुहावरे का वाक्य प्रयोग। | 1 |
| III | युद्ध या संघर्ष के लिए तैयार हो जाना।<br>वाक्य - अन्याय होते देख सैनिकों ने अत्याचारियों के विरुद्ध तलवार खींच ली।<br>(मुहावरे का अर्थ स्पष्ट करता हुआ कोई भी वाक्य प्रयोग स्वीकार्य) | 1 |
| IV | सिर पर कफ़न बाँधकर | 1 |
| V | हाथ-पाँव फूल गए/तोते उड़ गए/प्राण सूख गए/होश उड़ गए | 1 |
| | **खंड 'ग'**<br>**(('स्पर्श' एवं 'संचयन' पाठ्यपुस्तक के आधार पर))** | 28 |
| 7 | काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर अपेक्षित : | 5 × 1= 5 |
| I | (D) राष्ट्रीय चेतना को प्रतीकों के माध्यम से व्यक्त करने के लिए<br>(रामायण के पात्रों से आम लोग परिचित हैं और प्रेरणा लेते हैं।) | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| II | (B) शत्रु देश के लिए<br>(रावण एक ऐसा खल पात्र है जो शत्रु चरित्र का परिचायक है।) | 1 |
| III | (D) हमें देश की रक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए<br>(सभी उदाहरण देश की रक्षा की ओर इशारा करते हैं।) | 1 |
| IV | (B) कथन (iii) और (iv) सही हैं।<br>(यहाँ सीता के रूप में राष्ट्र को दर्शाया गया है और रावण के रूप में शत्रु को। प्रत्येक जन को राम और लक्ष्मण बताते हुए देश रक्षा की प्रेरणा दी गई है।) | 1 |
| V | (C) कथन और कारण दोनों सही हैं \|<br>(देश की सुरक्षा के लिए बलिदान) | 1 |
| 8 | किन्हीं **तीन प्रश्नों** के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में अपेक्षित : | 3 × 2 = 6 |
| I | • संसार को 'सुखिया' इसलिए कहते हैं क्योंकि लोग माया, मोह और भोग-विलास में डूबे रहते हैं।<br>• कबीर ने संसार के लोगों को सुखिया कहा है।<br>• माया-मोह और भोग-विलास में डूबे सांसारिक लोगों को दुःख का बोध नहीं।<br>• कबीर ने स्वयं को 'दुखिया' कहा है क्योंकि वे जागृत और सचेत हैं।<br>• दूसरों को अज्ञान में सुखी देखकर और सत्य से दूर जाते देखकर कबीर को पीड़ा होती है।<br>( केवल दो बिंदु अपेक्षित ) | 2 |
| II | • मनुष्य को अपने भाई की तरह समझना<br>• मनुष्यता ही विवेक की पहचान<br>• दुःख-सुख में एक दूसरे के साथ खड़े रहना<br>• सहयोग और परोपकार की भावना<br>( केवल दो बिंदु अपेक्षित ) | 2 |
| III | • शक्ति और सत्ता स्थायी नहीं रहती।<br>• जनता पर शासन और शोषण से शासक की पहचान नहीं।<br>• क्रूर और हिंसक सत्ता का नाश होना तय।<br>• सत्ता से हटने पर शासक की हास्यास्पद स्थिति<br>( केवल दो बिंदु अपेक्षित ) | 2 |
| IV | • वर्षा से पहले पर्वत प्रदेश शांत और निर्मल दिखाई देना<br>• आकाश स्वच्छ, हल्की धूप और शीतल हवा<br>• चारों ओर हरियाली का दृश्य | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | • वातावरण में एक मधुर प्रतीक्षा और सौंदर्यपूर्ण स्थिरता<br>( केवल दो बिंदु अपेक्षित ) | |
| 9 | गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर अपेक्षित : | 5 × 1 = 5 |
| I | (C) उनकी रचनाओं में जीवन-मूल्य पिरोए रहते थे<br>(वे सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए भी धन लिप्सा से दूर थे।) | 1 |
| II | (B) दुःख को जीवन सापेक्ष प्रस्तुत करना<br>('तीसरी कसम' की यह खास बात थी कि वह दुःख को भी सहज स्थिति में, जीवन-सापेक्ष प्रस्तुत करती है।) | 1 |
| III | (D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।<br>(उनके गीतों में सिर्फ करुणा नहीं, वह प्रक्रिया भी मौजूद थी जिसके तहत अपनी मंजिल तक पहुँचा जाता है। व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।) | 1 |
| IV | (D) कथन (ii) और (iv) सही हैं।<br>(उनके गीतों में जूझने का संकेत था और वह प्रक्रिया मौजूद थी जिसके तहत अपनी मंजिल तक पहुँचा जाता है।) | 1 |
| V | (D) करुणा के साथ संघर्ष और आगे बढ़ने की प्रेरणा के रूप में<br>(शैलेंद्र के गीतों में करुणा, जूझने का संकेत, और मंज़िल पर पहुँचने की प्रक्रिया भी थी।) | 1 |
| 10 | किन्हीं **तीन प्रश्नों** के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में अपेक्षित : | 3 × 2 = 6 |
| I | • मैं अनुशासन/समय का सदुपयोग के गुण को अपने जीवन में अपनाना चाहूँगा/चाहूँगी।<br>• बड़े भाई साहब समय का सदुपयोग करने और नियमित अध्ययन पर जोर देते हैं।<br>• अनुशासन से लक्ष्य तय करना और उन्हें पाने के लिए निरंतर प्रयास करना आसान होता है।<br>• इससे आलस्य दूर होता है और कार्य करने की आदत बनती है।<br>• इसलिए अनुशासन अपनाकर जीवन को सही दिशा दी जा सकती है।<br>( केवल दो बिंदु अपेक्षित ) | 2 |
| II | • बंगाल की जनता द्वारा अंग्रेज़ी शासन के अत्याचारों का साहसपूर्वक सामना करना | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | • दमन और गोलियों के भय के बावजूद लोगों का आंदोलन में डटे रहना<br>• आम नागरिकों का भी संघर्ष में सक्रिय भागीदारी निभाना<br>( केवल दो बिंदु अपेक्षित ) | |
| III | • आदर्श की तुलना सोने से तथा व्यावहारिकता की तुलना तांबे से किया जाना।<br>• गाँधी जी द्वारा आदर्शों को व्यावहारिकता के स्तर पर उतरने नहीं देना।<br>• उनका व्यावहारिकता को आदर्शों के स्तर तक ऊँचा ले जाना।<br>( केवल दो बिंदु अपेक्षित ) | 2 |
| IV | • लोगों के जीवन में अत्यधिक व्यस्तता का होना<br>• लोगों में संवेदना और अपनापन का कम होना<br>• भौतिक सुखों की चाह में मानवीय भावनाओं की उपेक्षा<br>• समाज में आपसी जुड़ाव का कम होना<br>( केवल दो बिंदु अपेक्षित ) | 2 |
| 11 | किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में अपेक्षित :: | 2 × 3 = 6 |
| I | • 'टोपी' का परिवार में होते हुए भी अकेलापन और उपेक्षा महसूस करना।<br>• परिवार का स्नेह न मिलने से वह भावनात्मक रूप से असुरक्षित हो होना।<br>• 'हरिहर काका' को परिवार द्वारा केवल संपत्ति के कारण महत्व देना, एक व्यक्ति के रूप में नहीं।<br>• उनके मन में अविश्वास, भय और असुरक्षा की भावना पैदा होना।<br>• परिवार की उपेक्षा के कारण दोनों के मानसिक संतुलन और आत्मसम्मान को गहरी चोट पहुँचना।<br>( केवल तीन बिंदु अपेक्षित, अन्य तर्कपूर्ण बिंदु भी स्वीकार्य ) | 3 |
| II | • पीटी सर विद्यार्थियों में अनुशासन बनाए रखने के लिए कठोर नियमों का पालन करना।<br>• डर के कारण विद्यार्थियों का आत्मविश्वास प्रभावित होना।<br>• उनके तरीकों में शारीरिक दंड का संकेत मिलना, जो आज के समय में स्वीकार्य नहीं।<br>• वर्तमान शिक्षा में संवाद, प्रेरणा और सकारात्मक अनुशासन पर जोर।<br>• पीटी सर की अनुशासनप्रियता उचित लेकिन उनके कठोर उपाय आज पूर्णतः स्वीकार्य नहीं।<br>( केवल तीन बिंदु अपेक्षित, अन्य तर्कपूर्ण बिंदु भी स्वीकार्य ) | 3 |
| III | • परिवार सबसे अधिक जिम्मेदार। परिवार की भूमिका सबसे अधिक नकारात्मक रही। | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| | • परिवार द्वारा काका को स्नेह और सहयोग नहीं दिया गया।<br>• परिवार के सदस्य केवल उनकी संपत्ति पर अधिकार चाहते थे।<br>• धार्मिक संस्थान ने भी उन्हें डर और अंधविश्वास में बाँधे रखा।<br>• समाज ने मूकदर्शक बनकर अन्याय को बढ़ावा दिया।<br>( केवल तीन बिंदु अपेक्षित ) | |
| | **खंड घ**<br>**रचनात्मक लेखन** | 22 |
| 12 | तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत-बिन्दुओं के आधार पर **लगभग 120 शब्दों में** अनुच्छेद लिखिए:<br>**<u>अनुच्छेद लेखन</u>**<br>• आरंभ 1 अंक<br>• विषयवस्तु 3 अंक<br>• भाषा शुद्धता 1 अंक | 1X5=5 |
| 13 | किसी एक विषय पर **लगभग 100 शब्दों** में पत्र लिखिए<br>**<u>पत्र-लेखन</u>**<br>• प्रारूप (प्रारंभ और अंत की औपचारिकताएँ) 1 अंक<br>• विषयवस्तु 3 अंक<br>• भाषा शुद्धता 1 अंक | 1X5=5 |
| 14 | किसी एक विषय पर **लगभग 60 शब्दों में** सूचना लिखिए :<br>**<u>सूचना लेखन</u>**<br>• प्रारूप - 1 अंक<br>• विषयवस्तु – 2 अंक<br>• भाषा शुद्धता – 1 अंक | 1X4=4 |
| 15 | किसी एक विषय पर **लगभग 40 शब्दों में** विज्ञापन अपेक्षित :<br>**<u>विज्ञापन लेखन</u>**<br>• रचनात्मक प्रस्तुति 1 अंक<br>• विषयवस्तु 1 अंक<br>• भाषा शुद्धता 1 अंक | 1X3=3 |
| 16 | (I) दिए गए विषय पर लगभग 80 शब्दों में ई-मेल अपेक्षित :<br>**<u>ई-मेल</u>**<br>प्रारूप – 1 अंक | 1X5=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | विषयवस्तु – 3 अंक<br>भाषा शुद्धता – 1 अंक<br>**अथवा**<br>(II) लगभग 100 शब्दों में लघु कथा लेखन अपेक्षित-<br>**<u>लघु कथा लेखन</u>**<br>प्रस्तुति – 1 अंक<br>विषयवस्तु – 3 अंक<br>भाषा शुद्धता – 1 अंक | |